(राजस्थान–सरकार)

न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, बारां (राज.)

पीठासीन अधिकारी सुदर्शन सिंह तोमर (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 17 / 2014

बउनवान

सरकार जर्ये थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बारॉ जर्ये जिला पुलिस अधीक्षक महो., बारॉ (सायल)

बनाम

बजरंगलाल पुत्र छीतरलाल जाति बैरवा निवासी चौकी बोरदा जिला बारॉ (गैरसायल)

इस्तगासा अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3

उपस्थिति :– 1– ए.पी.पी. (सायल)

2– श्री मनोज कुमार जैन अभिभाषक (गैरसायल)

निर्णय दिनांक 17.09.2019

वाक्यात मामला इस्तगासा इस प्रकार है कि गैरसायल बजरंगलाल पुत्र छीतरलाल जाति बैरवा निवासी चौकी बोरदा जिला बारॉ के विरूद्व जिला पुलिस अधीक्षक बारॉ द्वारा राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत प्रेषित किया गया है।

संक्षिप्त में प्रकरण इस प्रकार है कि गैरसायल के खिलाफ थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बारॉ जिला बारॉ ने जिला पुलिस अधीक्षक महोदय बारां को रिपोर्ट की है कि पुलिस थाना सदर बारॉ क्षेत्र के अन्तर्गत गैरसायल आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। यह व्यक्ति जुआ सट्टा, शराब तस्करी एवं आम जनता के साथ मारपीट की अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त है। इसके विरूद्व पुलिस थाना सदर बारॉ में वर्ष 2006 से 2011 तक की अवधि में कुल 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुये है। उक्त 5 प्रकरणों में से 341,323,34 IPC (1), अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. (1), अन्तर्गत धारा 19 / 54 एक्साइज एक्ट (2) के तहत न्यायालय से सजायाब भी हो चुका है ओर 1 प्रकरण अन्तर्गत 19 / 54 एक्साइज एक्ट का पेंण्डिंग कोर्ट है। इस प्रकार गैरसायल को माननीय न्यायालय द्वारा 4 प्रकरणो मे दोष सिद्व ठहराया जाकर सजायाब किया जा चुका है। फिर भी इसकी दिनों दिन आपराधिक गतिविधियॉ बढती जा रही है। जिससे समाज के व्यक्तियों व आम जनता में भय, निरन्तर बढता जा रहा है। इसके बावजूद भी इसकी आपराधिक गतिविधियो पर कोई अंकुश नही लग रहा है। इसके विरूद्व लोग रिपोर्ट करने में कतराते है एवं साक्ष्य देने से भी डरते है। इसकी आपराधिक गतिविधियॉ निरन्तर जारी है। इसकी आम शौहरत ठीक नही है। अपराधी का स्वतन्त्र रहना लोकशांती एवं जनहित में हितकर प्रतीत नही है। कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रिया कलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। इस व्यक्ति के विरूद्व राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत विधिक कार्यवाही कर इस जिले की सीमाक्षेत्र से निष्कासित किया जावे।

इस प्रकार गैरसायल द्वारा आपराधिक कार्य किये जिससे सार्वजनिक शांतिभंग होने से आम जनता मे भय का वातावरण उत्पन्न होता है। गैरसायल को 4 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा दोष सिद्व भी ठहराया जाकर सजायाब किया जा चुका है। यह गुण्डा की परिभाषा में आता है। अतः इसके विरूद्व अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 धारा–3 के तहत कार्यवाही की जावे। इस्तगासा विरूद्व गैरसायल के पेश कर, उक्त आपराधिक कृत्य में मशगूल होने से गैरसायल को गुण्डा घोषित किया जाकर, उसे राज. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत जिले से निष्कासित करने के आदेश चाहे गये।

इसके उपरांत गैरसायल के विरूद्व प्रस्तुत इस्तगासे को दिनांक 09.04.2014 को दर्ज रजिस्टर किया गया तथा पुलिस द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे एवं साक्ष्य के सारगर्भित बिन्दुओ को दर्शाते हुए गैरसायल को आहूत किया गया तथा गैरसायल की जर्ये सम्मन तलबी की गई। गैरसायल द्वारा मय अभिभाषक उपस्थिति दी गई। गैरसायल द्वारा प्रकरण मे जवाब प्रस्तुत नही कर, जिला बदर की कार्यवाही के अनुरूप पुलिस थाना महावीर नगर ।।। कोटा जिला कोटा मे उपस्थिति देने हेतु सहमति पत्र प्रस्तुत कर, प्रकरण का अन्तिम रूप से निस्तारण करने हेतु निवेदन किये जाने पर प्रकरण में उभयपक्ष की बहस सुनी गई।

दौराने बहस ए.पी.पी. सरकार पक्ष का मुख्य कथन है कि गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना सदर बारॉ में वर्ष 2006 से 2011 तक की अवधि में कुल 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुये है। उक्त 5 प्रकरणों में से 341,323,34 IPC (1), अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. (1), अन्तर्गत धारा 19/54 एक्साइज एक्ट (2) के तहत न्यायालय से सजायाब भी हो चुका है ओर 1 प्रकरण अन्तर्गत 19/54 एक्साइज एक्ट का पेंण्डिंग कोर्ट है। इस प्रकार गैरसायल को माननीय न्यायालय द्वारा 4 प्रकरणो मे दोष सिद्व ठहराया जाकर सजायाब किया जा चुका है। फिर भी इसकी दिनों दिन आपराधिक गतिविधियॉ बढती जा रही है। जिससे समाज के व्यक्तियों व आम जनता में भय, निरन्तर बढता जा रहा है। इसके बावजूद भी इसकी आपराधिक गतिविधियो पर कोई अंकुश नही लग रहा है। इसके विरूद्व लोग रिपोर्ट करने में कतराते है एवं साक्ष्य देने से भी डरते है। इसकी आपराधिक गतिविधियॉ निरन्तर जारी है। इसकी आम शौहरत ठीक नही है। अपराधी का स्वतन्त्र रहना लोकशांती एवं जनहित में हितकर प्रतीत नही है। कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति को दृष्टिगत रखते हुये इसके क्रिया कलापों पर अंकुश लगाना आवश्यक है। इस आपराधिक सजायाबी रिकार्ड के आधार पर गैरसायल के विरूद्व राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा–3 के अन्तर्गत अपराध प्रमाणित है। उक्त केसो की पुष्टि सरकार पक्ष की ओर से प्रस्तुत अभिलेखो से होती है। यह व्यक्ति आपराधिक गतिविधियो मे लिप्त है। अतः गैरसायल को जिला बदर किया जावे।

इसके विपरीत गैरसायल द्वारा स्वंय उपस्थित होकर जिला बदर की कार्यवाही के अनुरूप पुलिस थाना महावीर नगर ।।। कोटा जिला कोटा मे उपस्थिति देने हेतु सहमति पत्र प्रस्तुत कर, प्रकरण का अन्तिम रूप से निस्तारण करने हेतु निवेदन किया गया कि मैं गरीब व्यक्ति हूॅ। मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता हूॅ। मेरे तारीख पेशी पर आने से उस दिन की मजदूरी भी छूट जाती है। अतः मैं स्वंय की सहमति से उक्त प्रकरण का जिला बदर होकर निस्तारण करवाना चाहता हूॅ। मेरे विरूद्व पुलिस थाना सदर बारॉ द्वारा गुण्डा एक्ट की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई है। जिसमें जिला बदर की कार्यवाही के अनुरूप पुलिस थाना महावीर नगर ।।। जिला कोटा किया जाकर प्रकरण का अंतिम रूप से निस्तारण किया जावे। जिसमे मुझे किसी प्रकार की आपत्ति नही है।

हमने ए.पी.पी. प्रथम अभियोजन पक्ष सरकार एवं गैरसायल की उभयपक्ष बहस सुनी तथा इस्तगासे में प्रस्तुत अभिलेखो का अवलोकन किया जाकर, मनन किया गया। गैरसायल द्वारा प्रस्तुत सहमति पत्र पर विचार किया गया। गैरसायल के विरूद्व पुलिस थाना सदर बारॉ में वर्ष 2006 से 2011 तक की अवधि में कुल 5 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुये है। उक्त 5 प्रकरणों में से 341,323,34 IPC (1), अन्तर्गत धारा 13 आर.पी.जी.ओ. (1), अन्तर्गत धारा 19/54 एक्साइज एक्ट (2) के तहत न्यायालय से सजायाब भी हो चुका है ओर 1 प्रकरण अन्तर्गत 19/54 एक्साइज एक्ट का पेंण्डिंग कोर्ट है। इस प्रकार गैरसायल को माननीय न्यायालय द्वारा 4 प्रकरणो मे दोष सिद्व ठहराया जाकर सजायाब किया जा चुका है।

अतः उक्त समस्त तथ्यों अनुसार यह साबित होता है कि गैरसायल बजरंगलाल पुत्र छीतरलाल जाति बैरवा निवासी चौकी बोरदा जिला बारॉ द्वारा उक्त अपराध किए गए है। जिसके आधार पर गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम की धारा 2 (आ) की परिभाषा मे आना पूर्णतया सिद्व है, क्योकि धारा 2 (आ) के प्रावधान के अनुसार गैरसायल को 04 प्रकरणों में न्यायालय से दोषी ठहराया हुआ है।

अतः गैरसायल बजरंगलाल पुत्र छीतरलाल जाति बैरवा निवासी चौकी बोरदा जिला बारॉ को सजायाबी रिकार्ड के आधार पर राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 2 (आ) के तहत गुण्डा घोषित करता हूॅ तथा राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 (3) (क) के प्रावधानो के अन्तर्गत बारां जिले के पुलिस थाना सदर बारॉ जिला बारॉ से 15 दिन के लिए गैरसायल को निष्कासित किये जाने का आदेश देता हूॅ।

गैरसायल बजरंगलाल पुत्र छीतरलाल जाति बैरवा निवासी चौकी बोरदा जिला बारॉ को राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के तहत पुलिस थाना सदर बारॉ जिला बारॉ क्षेत्र से 15 दिन के लिए निष्कासित किया जाता है। गैरसायल उक्त अवधि मे अपनी उपस्थित प्रत्येक दिवस थानाधिकारी पुलिस थाना महावीर नगर iii कोटा जिला कोटा को देगा। इस अवधि में अपराधी ऐसा कोई आचरण नही करेगा, जो व्यक्तियों के प्रतिकूल एवं सामान्य व्यवहार संहिता के विरूद्व हो अर्थात इस अवधि में पूर्ण सचरित्र रहेगा। किसी आपराधिक गतिविधी में भाग नही लेगा। गैरसायल न्यायालय के समक्ष 10,000/— रूपये का स्वंय का मुचलका इस अवधि मे नेकचलन रहने के संबंध मे पेश करेगा।

गैरसालय के विरूद्व यह आदेश दिनांक 02.10.2019 से प्रभावी होगा।

नियमानुसार तहरीरे जिला पुलिस अधीक्षक, बारां एवं थानाधिकारी पुलिस थाना महावीर नगर iii कोटा जिला कोटा को दी जावे। थानाधिकारी पुलिस थाना सदर बारॉ जिला बारॉ को तहरीर दी जावे, जिसमे यह लिखा जावे कि गैरसायल को उक्त आदेश की पालना में जिले के पुलिस थाना सदर बारॉ जिला बारॉ से बाहर निष्कासित कर, थानाधिकारी पुलिस थाना महावीर नगर iii कोटा जिला कोटा के सुपुर्द कर, पालना रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश करे।

निर्णय आज दिनांक 17.09.2019 को सरे इजलास लिखाया जाकर सुनाया गया। पत्रावली बाद तामील तकमील फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

(सुदर्शन सिंह तोमर)
अति0 जिला मजिस्ट्रेट, बारां

Signature Not Verified
Digitally signed by Sudarshan Singh Tomar
Date: 2019.09.25 15:41:39 IST
Reason: SelfAttested
Location: